प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
मुजफ्फरनगर।

सेवा में,

प्रबन्धक,
श्री अरविन्द इण्टर कालेज,
पुरा, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक : मा0शि0च0बो0/ /2021–22 दिनांक– 12-11-2021

विषय– **विज्ञापन संख्या–1/2021 प्रशिक्षित स्नातक हिन्दी वर्ग–01 एवं वर्ग–02 के पदों के प्रति उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज से चयनित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण कराये जाने के सम्बंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक, उपसचिव, उत्तर प्रदेश, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज के पत्रांक:–4321–4422/चयन/123–2021/2021–22 दिनांक 08.11.2021 के द्वारा प्रेषित पैनल में चयनित **KM SADHANA YADAV** पिता/पति **RAMASHISH YADAV, ADD-RAMASHISH YADAV, MACHIYAN KALA, VILLAGE MACHIYAN KALA POST BISAURI DISCHANDAULI, CHANDAULI, UTTAR PRADESH-232104,** अनुक्रमांक–0902045502, चयनित श्रेणी–पिछडी जाति, प्रशिक्षित स्नातक हिन्दी वर्ग–01 एवं वर्ग–02 हेतु चयन किया गया है।

अतः आप चयनित अभ्यर्थी **KM SADHANA YADAV** पिता/पति **RAMASHISH YADAV, ADD-RAMASHISH YADAV, MACHIYAN KALA, VILLAGE MACHIYAN KALA POST BISAURI DISCHANDAULI, CHANDAULI, UTTAR PRADESH- 232104,** अनुक्रमांक–0902045502, चयनित श्रेणी–पिछडी जाति, प्रशिक्षित स्नातक हिन्दी वर्ग–01 एवं वर्ग–02 को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड इलाहाबाद द्वारा निर्गत नियमावली के नियमानुसार प्रबन्ध समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कराकर इस पत्र में दिये गये पते पर पंजीकृत डाक द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर 01 सप्ताह के भीतर स्वीकृत पदों के सापेक्ष मूल रिक्ति के प्रति कार्यभार ग्रहण करायें।किसी भी दशा में दस्ती नियुक्ति पत्र निर्गत न किया जाये। कार्यभार ग्रहण करने की सूचना तत्काल इस कार्यालय को प्रेषित करें, साथ ही अभ्यर्थी के शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच मूल प्रमाण पत्रो से अवश्य कर ली जाये तथा इनके प्रमाण–पत्रों का सत्यापन सम्बंधित विश्वविद्यालय/बोर्ड से कराकर सत्यापन आख्या सभी शैक्षिक/प्रशैक्षिक प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित प्रति सहित अतिशीघ्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। चयनित अभ्यर्थी के सम्बंध में माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, इलाहाबाद की वेबसाईट पर प्रदर्शित हो रहे पैनल से सत्यापन कर लिया गया है।

यदि विद्यालय में उक्त संदर्भित पद के प्रति माननीय उच्च न्यायालय के कोई आदेश हो तो उसका पालन अवश्य किया जायें। कार्यभार ग्रहण न कराये जाने की दशा में विद्यालय प्रबन्ध तन्त्र के विरूद्ध माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा स्थापित नियमावली में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व विद्यालय प्रबन्ध तन्त्र का होगा।

भवदीय

(गजेन्द्र कुमार)
जिला विद्यालय निरीक्षक
मुजफ्फरनगर

पृ0सं0 : मा0शि0च0बो0/ 6521-25 /2021–22 दिनांक–तदैव

प्रतिलिपि– निम्नांकित की सेवा सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– सचिव, उत्तर प्रदेश, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।
2– वित्त एवं लेखाधिकारी (मा0शि0) जनपद मुजफ्फरनगर।
3– प्रधानाचार्य, श्री अरविन्द इण्टर कालेज, पुरा, मुजफ्फरनगर।
4– चयनित अभ्यर्थी **KM SADHANA YADAV** पिता/पति **RAMASHISH YADAV, ADD-RAMASHISH YADAV, MACHIYAN KALA, VILLAGE MACHIYAN KALA POST BISAURI DISCHANDAULI, CHANDAULI, UTTAR PRADESH- 232104**

जिला विद्यालय निरीक्षक
मुजफ्फरनगर

SH/TGT/22: 216

प्रेषक :-

प्रबन्धक/~~प्रधानाचार्य~~

**श्री अरविन्द इण्टर कालेज**

पुरा (मुजफ्फरनगर)



सेवा में,

श्रीमान कु० साधना यादव D/o रामाशीष यादव गाँव-मचियम कलां पोस्ट-बिसौरी जनपद-चंदौली

विषय :- उ०प्र० मा० शि० सेवा-चयन बोर्ड प्रयागराज द्वारा चयनित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण कराये जाने के सम्बन्ध में

पत्रांक संख्या मा०शि० चयन/77/2021-22 दिनांक 29-11-2021

महोदया,

आपको सहर्ष सूचित किया जाता है कि उ०प्र० मा० शि० सेवा-चयन बोर्ड, प्रयागराज के पत्रांक 4321-4422/चयन/123-2021/2021-22 दिनांक 08-11-2021 के द्वारा आपकी नियुक्ति हमारे विद्यालय में प्रशिक्षित स्नातक वेतन क्रम (विषय-हिन्दी) में हुई है। जिसके सन्दर्भ में जिला विद्यालय निरीक्षक मु०नगर के पत्रांक मा० शि० च० बो० / 6521-25/ 2021-22 दिनांक 12-11-2021 के द्वारा आपको विद्यालय में प्रबन्ध समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित करने के उपरान्त कार्यभार ग्रहण कराने के आदेश निर्गत किये गये हैं।

अत: आपको इस नियुक्ति पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपकी नियुक्ति एक वर्ष के परिवीक्षा काल पर प्रशिक्षित स्नातक वेतनक्रम (विषय-हिन्दी) में की जाती है।

आप पत्र प्राप्ति के 10 दिन के अन्दर विद्यालय में अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्रों सहित उपस्थित होकर अपने पद का कार्यभार ग्रहण कर ले। अन्यथा आपकी नियुक्ति रद्द समझी जायेगी।

प्रतिलिपि- निम्नांकित को सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित

1. सचिव, उ० प्र० मा० शिक्षा सेवा-चयन बोर्ड, प्रयागराज
2. जिला विद्यालय निरीक्षक मुजफ्फरनगर
3. वित्त एवं लेखाधिकारी (मा०शि०) मु०नगर

Harish Chand Tyagi

प्रबन्धक

श्री अरविन्द इण्टर कालेज

पुरा (मुजफ्फरनगर)